Contact
Corporate Office:
Office Building, Opp. Deepak Builders
Lodhi Club Road,
Shaheed Bhagat Singh Nagar,
Ludhiana-141012 (Punjab)

Email :
write2henna@gmail.com
info@e9news.in

Website :
www.e9news.in

Contact Numbers :
98729-44011, 99149-02484
98763-61111, 73077-77740





E9NEWS
MAKING POSITIVE CHANGE

Corporate Office: Office Building, Opp. Deepak Builders, Lodhi Club Road, Shaheed Bhagat Singh Nagar, Ludhiana-141012

Email : info@e9news.in | Website : www.e9news.in

Contact Numbers :
98729-44011, 99149-02484, 98763-61111, 73077-77740

E9NEWS
MAKING POSITIVE CHANGE

5 राज्यों में सत्ता का संग्राम



E9NEWS
MAKING POSITIVE CHANGE

MONTHLY MAGAZINE
YEAR-1 VOL. 01

JANUARY, 2017

CHIEF EDITOR
HENNA SINGAL

RESIDENT EDITOR
AKASH SINGAL

MANAGING EDITOR
DALJIT SINGH ARORA
R. SHARMA

JOINT EDITOR
JAGMOHAN SINGH

PICTURE EDITOR
MANOJ SHARMA MONA

BUSINESS EXECUTIVE
ASHOK KUMAR CHOUDHARY
SUNIL KUMAR
HARMINDER CHAUHAN

LEGAL ADVISOR
KARAN KALIA
B.COM, LLB, LLM
UNIVERSITY OF PENSYLVANIA
(FORMER SENIOR ASSOCIATE RAM JETHMALANI LAW CHAMBER)

INTERNATIONAL MARKETING HEAD
HARPREET SINGH GANDHOK

TEAM ASSOCIATES
SHRIDHAR AGGARWAL
SHIVANGI SHARMA
RAVIRANJAN KUMAR

BUSSINESS OFFICE
2ND FLOOR, OPP. DEEPAK BUILDERS NEAR LODHI CLUB,
SHAHEED BHAGAT SINGH NAGAR,
LUDHIANA-141012 (PUNJAB)
Ph. 0161-2560106

(M) 98729-44011, 99149-02484,
98763-61111, 73077-77740

e-mail : e9newsglobal@gmail.com
e-mail : info@e9news.in

वामित्व, प्रकाशक व मुद्रक हिना सिंघल द्वारा

जालंधर से मुद्रित और सामने दीपक बिल्डर्स, लोधी क्लब रोड, शहीद भगत सिंह नगर, लुधियाना (पंजाब) से प्रकाशित।

RNI REGD. NO.
PUNMUL01224/19/1/2011-TC

E9NEWS
MAKING POSITIVE CHANGE

This magazine
is an initiative to change
people's mindset for
**making positive
change...**

E9NEWS
MAKING POSITIVE CHANGE

संपादकीय.Com

यूपी के रण को जीतने का शाह का मेगा प्लान

उत्तर प्रदेश में चुनाव के बिगुल के साथ ही भारतीय जनता पार्टी अपनी पूरी ताकत झोंकने लगी है। इस चुनाव में भाजपा का एक चुनावी नारा हाथी जम गया जाड़े में, पंजा गया भाड़े में, साइकिल गई कबाड़े में, अब बस कमल बचा अखाड़े में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस चुनाव में अमित शाह भाजपा की जीत के लिए कई ऐसी रणनीति बना रहे हैं जिसे इससे पहले यूपी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सुना नहीं है। अमित शाह इस बार के चुनाव में प्रदेश के जातीय समीकरण को देखते हुए जिलेवार एक एक लिस्ट बना रहे हैं और यह लिस्ट उनके स्मार्ट फोन में मौजूद है। उत्तर प्रदेश के चुनावी रण में भारतीय जनता पार्टी एकलौती ऐसी पार्टी है जो बिना सीएम उम्मीदवार के मैदान में उतरी है, पार्टी पूरी तरह से प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर निर्भर है, माना जा रहा है कि यूपी में आगामी चुनाव तक तकरीबन हर हफ्ते पीएम मोदी विशान जनसभा को संबोधित करेंगे, इसकी पूरी योजना शाह ने तैयार भी कर ली है। सूत्रों की मानें तो इसके लिए शाह ने अपनी भरोसेमंद टीम गुजरात से बुलाई है और वह इसपर काफी हद तक निर्भर भी हैं और इस पर बहुत की करीबी से नजर भी रख रहे हैं। शाह ने इसके अलावा आरएसएस से भी इस चुनाव में मदद की अपील की है। शाह की अपील पर आरएसएस ने तमाम जगहों पर अपने कार्यकर्ता मैदान में उतार दिए हैं जो तकरीबन हर बूथ पर मौजूद हैं। इससे पहले भी संघ ने 2014 के चुनाव में तमाम साधू और संतो की फौज को चुनावी मैदान में उतारा था और पार्टी को 71 सीटों पर जीत हासिल हुई थी, उस वक्त मैदान में साध्वी निरंजन ज्योति, साक्षी महाराज मैदान में थे, लेकिन जिस तरह से इन लोगों ने राम जादे हरामजादे जैसे बयान दिए थे उसपर इस बार अमित शाह ने पूरा नियंत्रण कर रखा है और किसी भी तरह का कोई विवादित बयान सामने नहीं आया है। अभी तक किसी भी भाजपा के सांसद, व यूपी के मंत्री को चुनाव मैदान में उतरने को नही कहा गया है। दिलचस्प बात यह है कि सूत्र कहते हैं कि अगले लोकसभा चुनाव में लाल कृष्ण आडवाणी गांधीनगर से चुनाव नही लड़ेंगे और अमित शाह इस चुनाव में मैदान में उतरेंगे और पार्टी के कार्यकर्ता यहां तक कहते हैं कि अगले चुनाव में जीत के बाद अमित शाह देश के अगले गृहमंत्री बनेंगे। ऐसे में जो बात काफी दिलचस्प है वह यह कि ऐसे में मौजूदा गृहमंत्री राजनाथ सिंह कहां जाएंगे जिन्हे इस बार के यूपी चुनाव में उस तरह की महत्ता नहीं दी गई है जिसकी उन्हें अपेक्षा थी। समाजवादी पार्टी में कलह की जड़ माने जाने वाले अमर सिंह को जिस तरह से केंद्र ने जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है उसने अलग तरह के संकेत दिए हैं। गृह मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि यह सुरक्षा काफी जल्दबाजी में मुहैया कराई गई है, महज 24 घंटों के भीतर इस फैसले पर मुहर लगाई गई , यहां तक की मूलभूत जांच और ऑडिट भी इस फैसले से पहले नही की गई।। अमर सिंह अब 24 जवानों की सुरक्षा के घेरे में रहेंगे जिसमें चार से पांच एनएसजी के कमांडो भी होंगे। सपा के भीतर इस श्रेणी की सुरक्षा पाने वाले वह दूसरे नेता है, अमर सिंह के अलावा यह सुरक्षा मुलायम सिंह यादव को भी प्राप्त है। इस फैसले के तुंरत बाद अखिलेश के खेमे ने यह आरोप लगाया कि सपा के भीतर शकुनी की भूमिका अमर सिंह ही निभा रहे हैं। कई ऐसे पोस्टर भी प्रदेश में लगाए गए जिसमें अमर सिंह और शाह के बीच अपवित्र सांठगांठ की बात कही गई है। माना जा रहा है कि अखिलेश यादव इस फैसले को भाजपा और अमर सिंह के बीच गठबंधन के पुख्ता सबूत के तौर पर चुनावी मैदान में रखेंगे। नरेश अग्रवाल यह कह चुके हैं कि अमर सिंह शकुनी की भूमिका निभा रहे हैं और इसका इनाम उन्हें भाजपा की ओर से मिला भी है। मुलायम सिंह यादव ने भी हाल में अखिलेश यादव के सामने अपनी कमजोरी को जाहिर करते हुए कहा कि अखिलेश मेरा बेटा है और वह जो कर रहा है सही कर रहा है। हाल में अखिलेश यादव की ओर से चुनाव आयोग को जो दस्तावेज दिए गए हैं उसमें अमर सिंह की भूमिका का जिक्र भी किया गया है। माना जा रहा है कि इन दस्तावेजों में उन्होंने मुरली देवड़ा की बात का भी जिक्र किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमर सिंह परिवार में सिर्फ विवाद पैदा करते हैं। इसके लिए उन्होंने अंबानी परिवार में अंबानी बंधू के बीच अलगाव, संजय दत्त और प्रिया दत्त के बीच अलगाव का उदाहरण दिया है। अखिलेश यादव ने अपने पिता को यह भी कहा कि अमर सिंह मुलायम सिंह यादव के जरिए खुद देश के राष्ट्रपति के पद पर पहुंचना चाहते हैं और वह नेताजी को बरगला रहे हैं। माना जा रहा है कि मुलायम को उनके रणनीतिकारों ने यह बताया है कि अगर पार्टी दो टुकड़ों में बंटी और पार्टी का चुनाव चिन्ह छिना तो पार्टी टूट जाएगी और आगामी चुनाव में यह धराशाई हो जाएगी। इलेक्शन कमिशन ने अब सपा का चुनाव चिन्ह मौजूदा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जारी कर दिया है। अखिलेश बहुत जल्द ही महागठबंधन की तैयारी कर रहे हैं। जिसमें कांग्रेस भी शामिल है। अब यह तो समय ही बताऐगा कि यह गठबंधन क्या गुल खिलाता है। आजम खान और शिवपाल यादव ने मुलायम सिंह से इस बात को एक बार फिर से दोहराया है कि पार्टी के भीतर विवाद है और चुनाव को महज कुछ हफ्ते ही रह गए हैं, लेकिन पार्टी की ओर से एक भी बड़ी रैली नहीं हो सकी है, ऐसे में पार्टी खुद के लिए गड्ढा खोद रही है, लेकिन दूसरी तरफ अमित शाह तमाम पीएम मोदी की बड़ी रैलियों के जरिए लगातार अपनी पैठ बना रहे हैं, भाजपा नोटबंदी का जमकर प्रचार कर रही है और उसको इसका लाभ भी हो रहा है, इसके पीछे उन्होंने अमर सिंह और शाह की जोड़ी को जिम्मेदार भी बताया है।

–हिना सिंघल, मुख्य संपादक





Is your brand communication on the right track with your business vision?
Have any doubt? It's the right time to take a fast re-check and partner with us!
We are a fully integrated advertising agency, with more than 23 years of diverse expertise in offering A to Z branding solutions to valued clients PAN India.

sage designs
pure ideas perfect execution

Ravi Dutt Sharma 98100 38907 | www.sagedesigns.in

Branding, Advertising, Design, Print, Electronic, Outdoor, Digital

Why Sheila Dikshit is happy to step down as Congress' CM candidate

UP ELECTION 2017

Ghulam Nabi Azad, Leader of Opposition in Rajya Sabha and Congress's poll strategy in-charge of Uttar Pradesh appeared buoyant in announcing that his party was going to have an alliance with Akhilesh Yadav's Samjawadi Party for elections in Uttar Pradesh. He showed no sign of anxiety, or cared to explain, now even asked (from what was shown on TV news channels) would happen to their pre-poll catch phrase "27 Saal UP Behal" (27 years UP in disarray). On 5 December, 1989 ND Tiwari relinquished chief minister's post after Congress was badly defeated in assembly elections, heralding entry of Mulayam Singh Yadav as a heavy weight politician to be at the helm of UP in times to come. Since then Congress has become Behal in Uttar Pradesh, which has a 403 member strong assembly and sends 80 Lok Sabha and 31 Rajya Sabha MPs. Azad added that so far the number of seats Congress would fight and names of constituencies which it would fight in alliance with Samjawadi Party. Ironically, Congress is dumping its much thought after pre-poll "UP Behal" slogan to boost poll prospect of Mulayam Singh Yadav's son Akhilesh Yadav and in turn hope to boost its own prospects, whatever numbers it could add to its otherwise doomed poll prospect by riding pillion to Samajwadi cycle. The only difference between 27 years ago and now is that Mulayam was then leader of Janata Dal and now is "mentor" of Samajwadi Party. The alliance between Akhilesh's Samajwadi Party and Congress have gone through rounds of discreet meetings between Samajwadi and Congress party leaders, with Rahul Gandhi in the loop. Rahul too would be looking forward to this alliance, for it will provide him and his party some saving grace, as also keep Congress relevant in UP politics. But no one would ever know whether he pondered even for minute that he went on a month-long tour of UP, 'Kisan Yatra' with this 27 Saal UP Behal slogan, coined by his the then poll strategist Prashant Kishor who in turn had borrowed it from BJP's 2005 Bihar poll catch phrase "15 saal bura haal" (against Lalu Yadav- Rabri Devi regime). Rahul has now discarded both, Kishor and his slogan. Azad and rest of Congress leadership is confident of the belief that public memory is short and thus people would not ask them uncomfortable questions when they go out for campaigning. One person who seems to be happiest over latest turn of events – Election Commission's verdict giving Akhilesh ownership of Samajwadi Party name and cycle symbol, reported truce call between father Mulayam and son Akhilesh and imminent tie-up between SP and Congress – is Congress's chief ministerial candidate, Sheila Dikshit. She is over enthused over developments and more than eager to do a sacrificial act. Dikshit's happiness seemed genuine. In anticipation of an electoral tie-up between Samajwadi Party, Congress and Rashtriya Lok Dal for Uttar Pradesh assembly elections, she gave a sound bite to a news agency publicly announcing her "graceful withdrawal" of her chief ministerial claim. She looked relieved and much happier than the day Congress party had months ago announced her their chief ministerial candidate in one of the most populous and politically most critical state of India. She had reasons to be happy. Even though she was married to a well known political significant Brahmin family, Uma Shankar Dikshit, and had been an MP from UP, the state remained an unchartered, unknown territory for her. She was suddenly made to be face of the Congress party, was made to bear a responsibility for which she was neither equipped nor inclined. She was to lead Congress to a battle which the party had lost decades ago. Her close supporters knew she was brought out from a peaceful retirement at age of 78 — after having served Delhi chief minister thrice, briefly as Kerala Governor and total decimation of party in Delhi — to ring fence Rahul Gandhi and Sonia Gandhi and be a shield for them when time comes. Her argument is there couldn't be two chief ministerial candidates in an alliance and thus she was being gracious in sacrificing her position of presumptive chief minister from Congress. The tie-up between Congress and Samajwadi Party are being made the in name of much maligned "secular" term. They are joining hands to protect secularist ethos against communalist forces (BJP). The implicit messaging is for the Muslim community that they should stay together to vote for the so called secularist forces SP-Congress-RLD which have combined together to stall onward march of communalist BJP. The BSP too is eyeing at Muslim votes and Mayawati has openly talked about it. Only a day ago, Mulayam Singh Yadav had termed son Akhilesh as anti-Muslim and Rahul saw Congress's hand in Gods of all religions, Shiva, Guru Nanak, Jesus Christ and Hazrat Ali.

UP ELECTION 2017

AKHILESH'S TIE UP WITH CONGRESS is a play to keep THE MUSLIM VOTES intact

Both Rahul Gandhi and Akhilesh Yadav appear to have, at long last, found merit in Elizabeth Foley's well-known maxim: "The most beautiful discovery true friends make is that they can grow separately without growing apart." Indeed, the two young leaders seem to have understood three things rather clearly: First, they can grow separately without getting apart. Second, they need each other to beat the combined might of Narendra Modi-Amit Shah-RSS trio in battleground Uttar Pradesh. And third, it would be much easier for them to rope in more anti-BJP forces for the final showdown against Modi at the national level in 2019, should they win the 2017 convincingly. Now that they have finally decided to fight the ensuing election together as allies, let's try to define this mahagathbandhan: It's an alliance of disparate, if not desperate, forces in which you retain your independent identity even as you fight together for a common cause against a common enemy. And the common enemy happens to be a larger-than-life Modi – and not just the BJP. Who else?

If signals emanating from the 'warrooms' of both the Congress and the Samajwadi Party can be taken as pointers, the UP election is likely to present a colourful spectacle this time with Rahul's sister Priyanka Gandhi and Akhilesh's wife Dimple Yadav doing roadshows all over the state. These ladies apart, other leading campaigners such as Laloo Prasad Yadav, Nitish Kumar, Mamata Banerjee and Sharad Pawar may also address rallies at different places lending support to the mahagathbandhan. No doubt, Akhilesh appears to be 'looking at things rather realistically' even as all his supporters are riding high in the aftermath of the Election Commission's verdict allotting him the 'cycle' symbol. Away from the scenes of jubilation, he thought it fit to visit father Mulayam Singh Yadav. What transpired between them is not known but there were enough indications emanating from within the four walls of the Yadav household that 'the winner' was taking extra-care to look humble and magnanimous in victory. Even supporters of the young victor said that they would fight the election under Mulayam's guidance. They raised slogans in favour of both Akhilesh and Mulayam. But these niceties apart, it's clear that Akhilesh is sprinting ahead with a cool and calculative head. He wanted to stitch the deal with the Congress as fast as possible to ensure that there is no division in the Muslim votebank, particularly in western UP. And, on its part, the Congress wanted to escape from the spectre of ignominy in UP. Now that the deal is done, Rahul would be free to focus his attention on four other states as well – Punjab, Goa, Uttarakhand and Manipur. There is another player who is equally eager to join the alliance bandwagon – Jayant Choudhary of Rashtriya Lok Dal (RLD). Chances are that the RLD would, in all probability, join the mahagathbandhan. Jayant, who happens to be Ajit Singh's son and Choudhary Charan Singh's grandson, has a different vision: He wants to recreate the MAJGAR in the Jat-land once again. During Charan Singh's heydays, MAJGAR stood for socio-political alliance between Ahirs, Jats, Gujjars, Rajputs and Muslims. This alliance had withered away following Charan Singh's death. In later years, Ahirs tilted towards SP while Gujjars went almost whole hog with BSP. And Rajput and Jats were divided in their loyalty between the BJP and RLD. The Muslim votebank too in western UP was divided between three camps – the Congress, the SP and the BSP. The 2014 Lok Sabha elections that catapulted the BJP to power thanks to their performance in this all important state presented a different trend: All the Jats and other majority communities voted for Modi's party in the aftermath of Muzaffarnagar riots. The protagonists of the mahagathbandhan theory seem to be hoping against hope that MAJGAR would reappear on the socio-political landscape once again. It may, or may not happen. But there is no harm in keeping hopes alive.



Cinema

is a language. It can explain things to anyone.

Cinema has an incredibly tremendous impact on our minds and as a result contributing to a significant social change. Probably, cinema has the greatest potential to be the most influential mass media source. It has various clear advantages over other media. It combines both audio and video and is thus quite mesmerizing to our senses. It can effortlessly become a wonderful source of mass education, if sensibly used by our new generation.



DON'T

WAIT FOR THE PERFECT MOMENT. MAKE THE MOMENT PERFECT.

"The joy of dressing is an art." John Galliano

Fashion is spread in all the walks of our life. Apparels are designed to complement each occasion of life and surpass the aspirations of different generations. More often than not, teenagers try to imitate fashion trends from the entertainment industry. Sometimes, they start cultivating many bad habits i.e. they take to smoking and drinking in the name of fashion while failing to understand that these adversely affect their health. Today, late night parties also have become a part of fashion.

But, the youngsters should focus on the positive facets of fashion as it instills confidence in the minds and adds charm to their personality. Therefore, we should promote fashion as an essential tool to enrich our life, not devalue it

अभिनेता नहीं, रेल ड्राइवर बनना चाहते थे ओम पुरी



जाने-माने अभिनेता ओम पुरी के निधन की खबर से फिल्म जगत को बड़ा धक्का लगा है। वे फिल्मी दुनिया ही नहीं, उसके अलावा भी सक्रिय रहते थे और यही कारण है कि देश-दुनिया में उनके प्रशंसक फैले हैं। एक नजर ओम पुरी साहब के जीवन से जुड़ी खास बातों पर : बहुत कम लोगों को पता है कि ओम पुरी अभिनेता नही, बल्कि रेलवे ड्राइवर बनना चाहते थे।

दरअसल, ओम पुरी का जन्म हरियाणा के अंबाला के एक गरीब परिवार में हुआ था। आर्थिक जरूरतों की पूर्ति के लिए उन्हें शुरू में ढाबे पर भी काम करना पड़ा। वह नौकरी भी छोड़ना पड़ी, क्योंकि ढाबा मालिक ने चोरी का आरोप लगा दिया था। उन दिन ओम पुरी जहां रहते थे, उसके पीछेही ट्रेन यार्ड था। इसकारण उनका ट्रेनों से बड़ा लगाव था। कई बार वे वही किसी ट्रेन में जाकर सो जाते थे। बरहाल, पढ़ाई के लिए नाना-नानी के पास पटियाला आए तो वहां भी अपना खर्च निकालने के लिए एक वकील के यहां मुंशीगिरी करने लगे। एक बार नाटक करना था तो वकील के यहां नही जा पाए और यह नौकरी भी चली गई। इसके बाद उन्होंने कैमिस्ट्री लैब में सहायक की नौकरी की। दो पत्नियों की खीचतान और बिगड़े बोल से विवादित रहे ओम : हिंदी फिल्म जगत के बेहतरीन अभिनेताओं में शुमार अभिनेता ओम पुरी का शुक्रवार को 66 साल की उम्र में देहांत हो गया। दिल का दौरा पड़ने से हुई पुरी की मौत के बाद बॉलीवुड सदमे में है।

फिल्म मेकर्स से लेकर एक्टर्स तक अचानक हुई इस घटना से स्तब्ध हैं। बीते कुछ सालों से ओम पुरी का निजी जीवन भी विवादों में था। कभी राजनीति तो क भी किसी सामाजिक मुद्दे पर कही गई बात के कारण वो विरोध का सामना कर रहे थे। बात ऐसे ही कुछ वाकयों की। वैसे तो बीते साल बॉलीवुड में कई रिश्ते टूटे। इनमें से एक नाम ओम पुरी और नंदिता का भी था। दोनों ने अपनी 26 साल पुरानी शादी तोड़ ली। दोनों का एक बेटा ईशान भी है। नंदिता पेशे से एक पत्रकार हैं। यह ओम पुरी की दूसरी शादी थी। उनकी पहली पत्नी एक्ट्रेस सीमा कपूर हैं। लंबे समय यह चर्चा रही कि ओम पुरी और नंदिता के बीच सालों से चीजें खराब हो चुकी हैं। नंदिता का आरोप था कि ओम पुरी उनके साथ मारपीट करते थे। उन्हें कोई घर खर्च तक नही देते। नंदिता ने तो यह तक कहा था कि पुरी के अपनी पहली पत्नी सीमा कपूर के साथ शारीरिक संबंध हैं। वो तो उनके साथ ही रहते हैं। हालांकि पुरी ने इन सब बातों को सिरे से खारिज कर दिया था।

इसके पहले ओम पुरी अन्ना आंदोलन में सार्वजनिक मंच पर लोगों से मुखातिब हुए तो यहां भी उनकी जुबान फिसली। नेताओं को लेकर कहे गए अपशब्दों के लिए पुरी को माफी भी मांगना पड़ी थी। बीते दिनों ओम पुरी ने सैनिकों को लेकर भी एक बयान दे दिया था। इसके बाद मामला और भी ज्यादा बिगड़ गया था। आलम यह था कि पुरी के इस बयान से बॉलीवुड सितारों ने ही किनारा करना शुरू कर दिया था। पाकिस्तानी कलाकारों को बॉलीवुड में बैन करने के मामले पर भी ओम पुरी ने अपनी बात बेबाकी से सभी के बीच रखी थी। हालांकि इन पूरे विवादों के दौरान ओम पुरी लगातार फिल्मों में बेहतर काम करते रहे। ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति दें। हमारी यही प्रार्थना है।

-मीडिया डेस्क

पांच राज्यों में बज गई चुनावी रणभेरी



यह धारणा लंबे राजनीतिक अनुभव से बनी है कि दिल्ली की सत्ता का रास्ता लखनऊ से होकर निकलता है। इस सियासी हकीकत के इक्का-दुक्का अपवाद ही होंगे। इसीलिए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को हमेशा ही उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जाता है। यह इतिहास गवाह है कि जितने भी प्रधानमंत्री जनता द्वारा चुने गए हैं वह अधिकतर यूपी से ही बने हैं लेकिन दलगत राजनीति के चलते देश की बड़ी विधानसभा होने के बावजूद भी देश का प्रधानमंत्री देने में यूपी पिछड़ रहा है। इस बार भी स्थिति उससे अलग नही है। आम समझ है कि इस बार वहां का जो नतीजा आएगा, उसकी 2019 के राष्ट्रीय आम चुनाव के लिए माहौल बनाने में बहुत बड़ी भूमिका होगी। ध्यानार्थ है कि चार अन्य राज्यों के साथ उप्र में होने वाला सात चरणों का मतदान नोटबंदी से बने हालात के साये में होगा। देखने की बात होगी कि मतदाताओं का फैसला नोटबंदी के उद्देश्य से प्रभावित होगा या इसकी वजह से हुई रोजमर्रा की दिक्कतों से? भारतीय जनता पार्टी की तकदीर काफी कुछइसी प्रश्न के उत्तर से तय होगी।

ढाई साल पहले भाजपा ने अपनी सहयोगी पार्टी (अपना दल) के साथ मिलकर उप्र में लगभग 43 फीसदी वोट और 80 में से 73 सीटें जीत ली थीं। स्वाभाविक है कि 11 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले मतदान के परिणाम को उसी सफलता के बरक्स रखकर देखा जाएगा। फिलहाल समाजवादी पार्टी में जारी अंतर्कलह के कारण राज्य में मुख्य मुकाबला भाजपा और बसपा के बीच ही सिमटता दिखता है। जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम का एलान निर्वाचन आयोग ने बुधवार को किया, उनमें उप्र के बाद दूसरा सबसे बड़ा राज्य पंजाब है। यहां कसौटी पर कांग्रेस है। अकाली दल-भाजपा गठजोड़ के लगातार दो कार्यकाल तक राज करने के बाद क्या कांग्रेस अब सत्ता-विरोधी माहौल का लाभ उठाते हुए निर्णायक जीत दर्ज करेगी? अथवा, अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ('आप) उसके मंसूबों पर पानी फेर देगी? केजरीवाल ऐसा कर पाए, तो बेशक वे अपने इर्द-गिर्द फिर आभामंडल बनाने में कामयाब हो सकते हैं, जैसा 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'आप को अप्रत्याशित सफलता दिलवाकर उन्होंने कर लिया था।

पंजाब के अलावा गोवा भी ऐसा राज्य है, जहां भाजपा के मुकाबले मुख्य विकल्प के रूप में उभरने की कांग्रेस और 'आप के बीच होड़ होगी। कांग्रेस का बड़ा दांव 70 सीटों वाले उत्तराखंड और 60 सीटों वाले मणिपुर में भी है। वहां अपने किले को वह नही बचा पाई और पंजाब तथा गोवा में मजबूत वापसी करने में विफल रही, तो उसका और उसके नेता राहुल गांधी का राष्ट्रीय भविष्य संदिग्ध हो जाएगा।

उस हाल में भाजपा की 2019 में दिल्ली के तख्त पर वापसी की धारणा खासी मजबूत हो जाएगी। यानी 11 मार्च को आने वाले चुनाव नतीजों का मतलब सिर्फ संबंधित राज्यों तक सीमित नही होगा। बल्कि उससे राष्ट्रीय संदेश ग्रहण किए जाएंगे। इसलिए ये लाजिमी ही है कि अब तमाम पार्टियां अपनी पूरी ताकत इन पांच राज्यों में झोंकेंगी। और देश का ध्यान भी वही सजी बिसात पर लगा होगा।

''पंजाब के अलावा गोवा भी ऐसा राज्य है, जहां भाजपा के मुकाबले मुख्य विकल्प के रूप में उभरने की कांग्रेस और 'आप के बीच होड़ होगी। कांग्रेस का बड़ा दांव 70 सीटों वाले उत्तराखंड और 60 सीटों वाले मणिपुर में भी है। वहां अपने किले को वह नही बचा पाई और पंजाब तथा गोवा में मजबूत वापसी करने में विफल रही, तो उसका और उसके नेता राहुल गांधी का राष्ट्रीय भविष्य संदिग्ध हो जाएगा। उस हाल में भाजपा की 2019 में दिल्ली के तख्त पर वापसी की धारणा खासी मजबूत हो जाएगी। यानी 11 मार्च को आने वाले चुनाव नतीजों का मतलब सिर्फ संबंधित राज्यों तक सीमित नहीं होगा। ''

मनमानी पर लगे अंकुश

समाज के बदलते स्वरूप और बहुत सारे परिवारों की बढ़ती व्यस्तताओं के बीच अब उनके बच्चों के स्कूल जाने की उम्र पांच साल या इससे ऊपर नहीं रही, बल्कि शहरों-महानगरों में यह घट कर महज तीन साल रह गई है। लेकिन इतने छोटे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और देखरेख के लिए कोई पाठ्यक्रम या नियमन तय नही हैं। अलबत्ता लोगों की बदलती और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए तीन से छह साल तक के बच्चों के लिए प्ले या प्री स्कूल खुलने शुरू हुए जिन्हें औपचारिक पढ़ाई की शुरुआत के पहले बच्चों को मानसिक रूप से तैयार करने के उद्यम के रूप में पेश किया गया। इसके बढ़ते दायरे का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले कुछ सालों के भीतर इसने एक बड़े कारोबार का रूप ले लिया है। मगर विडंबना यह है कि इतनी कम उम्र के बच्चों के कोमल मन और जरूरतों के मुताबिक शायद ही ऐसे किसी स्कूल में व्यवस्था की जाती है। जबकि फीस के नाम पर मोटी रकम की वसूली से लेकर बच्चों के साथ बर्ताव तक के मामले में अक्सर कई तरह गड़बड़ियां सामने आती रही हैं। इसके अलावा, कई जगहों पर सिर्फ एक कमरे या किसी बेसमेंट तक में ऐसे स्कूल चलाए जाते हैं। कर्मचारियों को कम पैसे देना एक आम शिकायत है।

चूंकि प्ले स्कूलों पर नियंत्रण या निगरानी के लिए अब तक कोई संस्थागत व्यवस्था नही है, इसलिए इनके संचालकों की मनमानी की शिकायतें लगातार आती रही हैं। इसी के मद्देनजर इन्हें नियमन के दायरे में लाने की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अब देर से सही, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इन स्कूलों की खातिर बाकायदा दिशा-निर्देश जारी किया है।

इसके तहत अब किसी भी प्ले या प्री-स्कूल को चलाने के लिए मान्यता अनिवार्य होगी। इसमें संबंधित प्राधिकार से अनुमति, बीस बच्चों पर एक शिक्षक, देखभाल के लिए सहायक-सहायिका, इमारत में चारदिवारी, रोशनदान, बेहतर बुनियादी सुविधाएं, सुरक्षा-व्यवस्था और सीसीटीवी जैसी शर्तें शामिल हैं। बच्चों को किसी भी तरह का शारीरिक या मानसिक दंड देना अपराध होगा। वहां काम करने वाले सभी कमर्चारियों को न्यूनतम योग्यता और पुलिस जांच की तय प्रक्रिया से गुजरना होगा। ऐसा देखा गया है कि शहरों-महानगरों की तेज जीवनशैली से प्रभावित कई माता-पिता जल्दी से जल्दी पढ़ाई शुरू कराने के चक्कर में दो साल की उम्र में ही अपने बच्चे को प्ले या प्री स्कूल में भेजना शुरू कर देते हैं। जबकि इतनी छोटी उम्र के बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क को भावनात्मक संरक्षण और बाल मनोविज्ञान की समझ रखने वाले प्रशिक्षित कर्मी की जरूरत ज्यादा पड़ती है। इसलिए यह तय किया गया है कि प्ले स्कूल तीन साल से छोटे बच्चे को दाखिला नही दे सकेंगे। एक और अच्छी बात यह है कि इन स्कूलों के लिए मॉड्यूल और पाठ्य-पुस्तकें तैयार की जा रही हैं, ताकि वहां आने वाले बच्चों को नियमित शिक्षा के ढांचे के तहत आगे की दिशा मिल सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि आयोग सिफारिशें देकर खामोश नही बैठ जाएगा, बल्कि उन पर अमल का संज्ञान भी लेगा।

यह एक जरूरी फैसला

लोढ़ा समिति का राजनीतिकों की महत्त्वाकांक्षाओं का खेल होने से बचाने के लिहाज से

बीसीसीआई यानी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और उसकी गतिविधियों में सुधार के मसले पर नजर रखे हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार यहां तक कहा था कि आप लोग सुधर जाएं, नहीं तो हम अपने आदेश से इसे सुधार देंगे। लेकिन बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग ठाकुर और सचिव अजय शिर्के ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को मानना जरूरी नहीं समझा और एक तरह से अवमानना करने पर उतारू रहे।

इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई के इन दोनों उच्चपदस्थ लोगों को उनके पद से बर्खास्त करने का फैसला सुनाया है तो स्वाभाविक है। भारतीय क्रिकेट को राजनीतिकों की महत्त्वाकांक्षाओं का खेल होने से बचाने के लिहाज से भी यह एक जरूरी फैसला है। गौरतलब है कि अदालत ने पिछले साल अठारह जुलाई को दिए अपने फैसले में क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में मंत्रियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सत्तर साल से ज्यादा उम्र वाले लोगों के पदाधिकारी बनने पर रोक लगा दी थी। जाने क्यों बीसीसीआई के हटाए गए अध्यक्ष और सचिव यह समझ नही सके कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अमल करना उनकी जिम्मेदारी और बाध्यता, दोनों हैं।

दोनों ने राज्य क्रिकेट संघों का हवाला देकर सुधारों को लागू न करने का बहाना बनाए रखा। यही नहीं, कुछ समय पहले सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग ठाकुर को चेतावनी देते हुए कहा था कि झूठा हलफनामा दायर करने के लिए उन्हें सजा क्यों न दी जाए! इसके अलावा, उन पर सुधार प्रक्रिया को बाधित करने का भी आरोप था। सवाल है कि आखिर अनुराग ठाकुर के अपने पद पर बने रहने की जिद और उसके लिए अदालत तक में झूठ बोलने की क्या वजह हो सकती है! दरअसल, जैसे-जैसे क्रिकेट एक लोकप्रिय खेल से अकूत पैसे के तमाशे में तब्दील होता गया है, इसके संचालन के उच्च पदों पर कब्जा जमाने की होड़ बढ़ती गई है। इसमें सबसे ज्यादा कामयाबी ऊंचे राजनीतिक रसूख वाले लोगों को मिली, जो राज्य खेल संघों से लेकर बीसीसीआई तक के शीर्ष पदों पर कब्जा जमा कर अपने मुताबिक उसे चलाने लगे। इससे सबसे ज्यादा नुकसान क्रिकेट संघों के प्रशासनिक पहलू को हुआ। इनमें वैसे लोगों को जगह नही मिल सकी जो पेशेवर खिलाड़ी रहे हैं और क्रिकेट से जुड़े सारे पहलुओं को समझते हैं। इसका स्वाभाविक असर खिलाड़ियों के चयन, उनके प्रशिक्षण, खेलों के आयोजन और उनके प्रसारण के अधिकार आदि देने की स्थितियों पर पड़ा। यह कोई छिपी बात नही है कि जब से क्रिकेट में आइपीएल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई है, उसमें खिलाड़ियों की खुली नीलामी से आगे बढ़ते हुए स्पॉट मैच फिक्सिंग तक के मामले सामने आने लगे। इन सब पर लगाम लगाने के बजाय बीसीसीआई सहित तमाम खेल संघों के पदाधिकारियों की रुचि पद पर कब्जा बनाए रखने में रही। सवाल है कि क्या क्रिकेट में हो रहे पैसे के खेल में परदे के पीछे कुछ और लोगों का हिस्सा भी बन रहा था? अगर नही तो आखिर किन वजहों से एक लोकप्रिय खेल को पैसे बनाने के खेल में तब्दील किया जाता रहा? सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले का संदेश साफ है कि खेल संगठनों के समूचे ढांचे में वैसे ही लोग मौजूद हों जो इसे खेल बनाए रखने के प्रति अपनी जिम्मेदारी निबाहें।

"कुछ समय पहले सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग ठाकुर को चेतावनी देते हुए कहा था कि झूठा हलफनामा दायर करने के लिए उन्हें सजा क्यों न दी जाए! इसके अलावा, उन पर सुधार प्रक्रिया को बाधित करने का भी आरोप था। सवाल है कि आखिर अनुराग ठाकुर के अपने पद पर बने रहने की जिद और उसके लिए अदालत तक में झूठ बोलने` की क्या वजह हो सकती है! दरअसल, जैसे-जैसे क्रिकेट एक लोकप्रिय खेल से अकूत पैसे के तमाशे में तब्दील होता गया है, इसके संचालन के उच्च पदों पर कब्जा जमाने की होड़ बढ़ती गई है। इसमें सबसे ज्यादा कामयाबी ऊंचे राजनीतिक रसूख वाले लोगों को मिली, जो राज्य खेल संघों से लेकर बीसीसीआई तक के शीर्ष पदों पर कब्जा जमा कर अपने मुताबिक उसे चलाने लगे।"

अवैध पार्किंग विकराल समस्या

केंद्र सरकार ने महानगरों में निजी वाहनों के पंजीकरण के लिए पार्किंग की उपलब्धता को अनिवार्य करने का इरादा जताया है। देखा जा रहा है कि न केवल महानगरों, बल्कि अन्य शहरों और बस्तियों में भी अवैध पार्किंग विकराल समस्या की शक्ल अख्तियार करती जा रही है। बस्तियों, बाजारों और दफ्तरों के आसपास लोगबाग कहीं भी बेतरतीब ढंग से अपनी गाड़ियां खड़ी कर देते हैं, सड़कें घिरती हैं और तमाम जगहों पर तो लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। दुर्घटनाएं भी होती हैं। मुहल्लों-कॉलोनियों में तो हालत यह हो गई है कि सड़कों के दोनों तरफ कारों की टेढ़ी-मेढ़ी कतारें लगी रहती हैं, जो कई बार कहासुनी और मारपीट का सबब बन जाती है। अभी पिछले महीने की ही बात है, दिल्ली के विष्णु गार्डन में कार पार्किंग विवाद में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी की गोली मारकर हत्या कर दी। फरवरी 2015 में हरिनगर आश्रम क्षेत्र में एक वरिष्ठ नागरिक को कुछ लोगों ने इसी तरह के विवाद में पीट- पीट कर घायल कर दिया था।

सिर्फ दिल्ली में करीब 91 लाख वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें करीब तीस प्रतिशत कारें, साठ प्रतिशत मोटर साइकिलें और दो प्रतिशट ऑटो रिक्शा और टैक्सियां हैं। इसके अलावा हर साल करीब चार-पांच लाख वाहन दिल्ली की सड़कों पर और उतर जाते हैं।

अन्य महानगरों और शहरों में वाहनों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। पार्किंग को लेकर झगड़े और रोडरेज की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। हमारी गाड़ी, तुम्हारी गाड़ी से महंगी वाला भाव भी समाज में तेजी से बढ़ रहा है। अक्टूबर में बिहार की राजद विधायक के बेटे ने एक छात्र की सरेआम रोडरेज में गोली मारकर हत्या कर दी थी। दिल्ली में अभी पिछले पखवाड़े न्यू अशोक नगर इलाके में एक प्रापर्टी डीलर ने एक व्यापारी की सिर्फ इसलिए गोली मार कर हत्या कर दी, क्योंकि उनकी कारें आपस में कहीं छू गई थीं। इन स्थितियों को देखते हुए अगर केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने पार्किंग की उपलब्धता होने पर ही वाहनों के पंजीकरण का प्रस्ताव किया है, तो यह स्वागत-योग्य है। कई देशों में ऐसा नियम लागू है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री वेंकैया नायडू ने दो दिन पहले कहा कि उनका मंत्रालय, भूतल परिवहन मंत्रालय से विचार विमर्श कर चुका है और जल्द ही इस दिशा में कोई नियमावली तैयार की जाएगी। अगर सरकार अपने इरादे को अमल में लाती है तो गाड़ियों की अनाप-शनाप खरीद फरोख्त पर भी रोक लगेगी।

गाड़ियों का बढ़ता काफिला पर्यावरण के लिहाज से भी खतरनाक है। पर्यावरणविद तो बहुत पहले से और अब तो न्यायालय वाहनों को सीमित करने में ही भलाई देख रहे हैं। दिल्ली सरकार ने कुछ महीने सम-विषम का फार्मूला लागू किया था, पर वह फौरी प्रयोग भर था। अभी तक हिमाचल ही ऐसा राज्य है, जहां वाहनों की खरीद के लिए पार्किंग की जगह होना अनिवार्य बनाया गया है। हालांकि यह राज्य सरकार के निर्णय के बजाय उच्च न्यायालय के दखल से हुआ। उच्च न्यायालय ने 2015 में अवैध पार्किंग की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए यह आदेश दिया था। इसके बाद राज्य सरकार को इस दिशा में नियमावली तैयार करनी पड़ी। आदेश के मुताबिक वाहन का पंजीकरण करने से पहले संबंधित थाने से पार्किंग उपलब्धता का प्रमाणपत्र लेना पड़ता है, इसके बाद ही वाहन का पंजीकरण होता है। लेकिन पूरे देश के पैमाने पर इसे लागू करना आसान नहीं होगा।

DIGITAL REVOLUTION IN REAL ESTATE

We offer products that not just optimize profitability but also leverage business process. It's no coincidence that the products we have built are poised to boost real estate sales by more than 30% and decrease sales expenses by not less than 50%.
Our products are exclusively developed to cater to the various operations in real estate, and henceforth creating a promising marketplace for builders and buyers. So, can you afford to wait on the next real estate boom?

the real company
Transforming Real Estate

SCHEDULE A FREE DEMO

For enquiry, call: +91- 9871777335, 8010470077, 9999168971 Write to us at: info@therealcompany.in www.realcompany.in

सोशल मीडिया में लाइक्स

के चक्कर में आत्मघाती करतब

दिल्ली में अपनी स्टंटबाजी का वीडियो बनाते वक्त दो किशोर छात्रों की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। यह स्टंट वे अपनी वीडियो क्लिपिंग फेसबुक पर डालने के मकसद से कर रहे थे। इसे सामान्य दुर्घटना इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि इसमें दोनों छात्र जानते-बूझते एक जोखिम-भरे करतब में खुद शामिल थे। यह असल में एक ऐसा हादसा है जो समाज में पसर रही एक ऐसी आदत या मनोवृत्ति की देन है जो यों तो खेल-खिलवाड़ की तरह दिखती है, पर कई बार खतरनाक शक्ल अख्तियार कर लेती है। गौरतलब है कि दुनिया में सेल्फी और स्टंटबाजी के चक्कर में मरने वालों की संख्या भारत में सबसे ज्यादा है। एक अध्ययन में यह पाया गया है कि सोशल मीडिया पर 'लाइक्स' और 'कमेंट्स' की भूख ऐसे कारनामों की पृष्ठभूमि में होती है।

हाल के दिनों में सेल्फी लेते हुए या स्टंटबाजी करते हुए मौत की घटनाओं में इजाफा हुआ है। जनवरी 2015 में मथुरा में तीन छात्रों की चलती ट्रेन के सामने बाइक पर सवार होकर सेल्फी लेने के चक्कर में मौत हो गई थी। कानूनी तौर पर इस तरह के करतब करने या उसकी शूटिंग करने आदि की मनाही है। लेकिन जब कोई व्यक्ति खुद ऐसी हरकतें करने पर आमादा हो तो भले उसे कौन रोक सकता है। यह एक तरह की आत्मघाती प्रवृत्ति ही कही जाएगी। ताजा घटना के बारे में खबर है कि अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन के बगल से गुजरने वाली रेलवे लाइन पर पड़ोस में रहने वाले क्रमशः चौदह और पंद्रह साल के दो छात्र ट्रेन के सामने पटरियों पर खड़े होकर एक-दूसरे का वीडियो बना रहे थे। उनके साथ चार- पांच बच्चे दर्शक की भूमिका में थे। दोनों की योजना थी कि स्टंट शूट करने के बाद वे इसे फेसबुक पर डालेंगे। लेकिन वीडियो बनाते वक्त सामने से आ रही ट्रेन से बचने के लिए दोनों बगल में दूसरे रेलवे ट्रैक पर कूदे। उन्हें यह ध्यान नहीं रहा कि दूसरे ट्रैक पर भी ईएमयू ट्रेन आ रही थी। यही लापरवाही उन दोनों की मौत की वजह बनी।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि दोनों में से एक बच्चा अपने घर से ट्यूशन पढ़ने का बहाना बना कर निकला था और उसने कहीं किराए पर कैमरे का भी जुगाड़ किया था। यह घर-परिवार में बढ़ती झूठ की संस्कृति की तरफ भी इशारा करता है। चाहे फिल्में हों या टीवी धारावाहिक, या माता-पिता और अन्य बड़ों का व्यवहार, बच्चों के लिए ईमानदारी और सच्चाई का पाठ पढ़ने के मौके लगातार कम होते जा रहे हैं। जहां तक स्टंटबाजी या सेल्फी के सम्मोहन का सवाल है तो इसे सोशल मीडिया पर मिलने वाली वाहवाही ने बढ़ावा दिया है।

फिल्मों, सर्कसों या धारावाहिकों में स्टंटबाजी देख कर किशोरों और बच्चों में उत्सुकता और जिज्ञासा भाव प्रबल हो उठता है। वे इसकी नकल करने की कोशिश करते हैं। लेकिन घरों के बड़े- बूढ़ों की तरफ से अक्सर उन्हें खबरदार भी किया जाता है। इस घटना का कोई सबक हो सकता है तो यही कि इसे कानून-व्यवस्था के मसले में न उलझा कर अपने घरेलू वातावरण को दुरुस्त करने, बच्चों की हरकतों पर नजर रखने और मां-बाप को अपना आचरण बेहतर करने की जरूरत है।

"Enthusiasm moves the world."

Arthur Balfour

Making excuses burns zero calories per hour.

"Healthy Living" is a fine balance of both physical and mental health. So a change in one directly / indirectly affects the other. Imbalance in any of the two may lead to serious health concerns. Cultivating healthy habits is the key to attain this balance.

Most of the methods to improve your health are pretty simple: sleep more to boost energy, eat less and exercise more for losing weight, drink more water to prevent dehydration etc. Here is a list of habits that will lead to a Healthy Living.

- Exercise
- Quit smoking! ASAP
- Drink water but only in moderation
- Cut out red & processed meats
- Have a go-getter attitude for reducing stress
- Include fruits & veggies in your everyday diet
- Reduce salt, and saturated/trans fats



घपले की उड़ान

कुछ सालों से जो घोटाले या संदिग्ध सौदे चर्चा में रहे हैं उनमें अगस्ता-वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर की खरीद का मामला भी शामिल है। एक बार फिर यह मामला सुर्खियों का विषय बना, जब सीबीआइ ने पूर्व वायुसेना प्रमुख एसपी त्यागी, उनके चचेरे भाई संजीव उर्फ जूली त्यागी और उनके सहयोगी रहे गौतम खेतान को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह पहला मौका है

जब सेना के किसी अंग के पूर्व प्रमुख की गिरफ्तारी हुई है। लिहाजा, यह गिरफ्तारी बताती है कि रिश्वतखोरी और कमीशनखोरी से हमारे राज्यतंत्र का कोई भी हिस्सा अछूता नही रह पाया है। अगस्ता-वेस्टलैंड घोटाला बारह वीवीआइपी हेलिकॉप्टरों की खरीद से जुड़ा है। इसमें रिश्वत लिये जाने की बात उजागर होने पर यूपीए सरकार ने 2013 में इस सौदे को रद्द कर दिया था। पर सौदे को लेकर उठा विवाद कांग्रेस का पीछा अब भी नही छोड़ रहा है। यों सौदे की बातचीत 2003 में यानी वाजपेयी सरकार के दौरान ही शुरू हो गई थी, पर इसकी अधिकांश प्रक्रिया चली और पूरी हुई यूपीए सरकार के समय।

एसपी त्यागी 2004 से 2007 तक वायुसेना के प्रमुख रहे। आरोप है कि उन्होंने वीवीआइपी हेलिकॉप्टरों की खरीद की खातिर ऊंचाई की सीमा घटा दी थी, ऐसा इसलिए कि अगस्ता-वेस्टलैंड निविदा-प्रक्रिया में शामिल हो सके। कसौटी हल्की करने का फैसला उन्होंने क्यों किया, इसका कोई संतोषजनक जवाब त्यागी के पास शायद अब भी नही है, पर उन्होंने कहा है कि यह फैसला उनका अकेले का नही बल्कि सामूहिक था। सीबीआइ के मुताबिक अगस्ता-वेस्टलैंड सौदे में कुल भुगतान 3767 करोड़ रुपए का रहा और इसके लिए बारह फीसद रकम बतौर रिश्वत चुकाई गई। ऊंचाई की सीमा घटाने के अलावा कई और बातों ने भी एसपी त्यागी को संदेह के घेरे में ला दिया था। मसलन, वे अगस्ता-वेस्टलैंड की मूल कंपनी फिनमेकेनिका के अधिकारियों से मिले थे।

उनके चचेरे भाई संजीव त्यागी ने बिचौलियों को साधा और रिश्वतखोरी को अंजाम तक पहुंचाने में गौतम खेतान की अहम भूमिका रही। सीबीआइ के मुताबिक खेतान ने कुछ महीने पहले पूछताछ में माना था कि उन्होंने अपनी कंपनी आइडीएस इंफोटेक की ट्यूनीशिया स्थित सहयोगी कंपनी के जरिए दलाली की रकम ली थी। शुरू में त्यागी इस बात से इनकार करते रहे कि उन्होंने फिनमेकेनिका के अधिकारियों से मुलाकात की थी। पर जब जांच कर रहे सीबीआइ के अधिकारियों ने विजिटर्स डायरी समेत कई और सबूत उनके सामने रखे तो उन्हें मुलाकात का तथ्य कबूल करना पड़ा। मिलान (इटली) की एक अदालत ने भी अपने फैसले में माना था कि सौदे में भ्रष्टाचार हुआ और इसमें त्यागी शामिल थे।

बहरहाल, एसपी त्यागी की गिरफ्तारी के बाद अगस्ता-वेस्टलैंड को लेकर एक बार फिर सियासी तापमान चढ़ सकता है। संसद के पिछले बजट सत्र में इस मामले को लेकर काफी हंगामा हुआ था। तब रक्षामंत्री मनोहर परीकर ने कहा था कि एसपी त्यागी और गौतम खेतान तो छोटे नाम हैं, जिन्होंने भ्रष्टाचार की बहती गंगा में हाथ धोए हैं, सरकार यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि यह नदी बह कर कहां जा रही है। भाजपा एक बार फिर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने की भरपूर कोशिश करेगी।

कांग्रेस अपने बचाव में यह कहती आई है कि रिश्वतखोरी की भनक लगने पर यूपीए सरकार ने ही सौदा रद्द किया था और उसी ने जांच शुरू कराई थी। अगस्ता-वेस्टलैंड मामले को लेकर एक बार फिर वैसी ही रस्साकशी दिख सकती है।

नए साल में पाक की दहशतगर्दी

पठानकोट की तरह एक बार फिर साल की शुरुआत में ही दहशतगर्दी ने दस्तक दी है। खबर है कि सोमवार को तड़के आतंकियों ने जम्मू के अखनूर सेक्टर में जीआरईएफ यानी जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स के शिविर पर पहले हथगोले फेंके, फिर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, वहां रखे वाहनों और दफ्तरी दस्तावेजों में आग भी लगाई और अंधेरे तथा कोहरे का फायदा उठा कर भाग गए। उस वक्त शिविर में दस कमर्चारी और दस मजदूर मौजूद थे। आतंकी हमले में तीन मजदूर मारे गए। इससे पहले, आतंकियों ने जम्मू के ही नगरोटा क्षेत्र में सेना के एक शिविर पर हमला बोला था, जिसमें दो अधिकारियों समेत सात जवानों की जान गई थी। उसी दिन सांबा जिले में सीमा सुरक्षा बल के एक शिविर पर भी आतंकी हमला हुआ था। तब सेना ने जल्दी ही इन हमलों का कड़ा जवाब देने का इरादा जताया था। जवाबी कार्रवाई क्या हुई, किसे मालूम! पर दहशतगर्दों ने चालीस दिन बाद फिर हमला बोल कर यह जता दिया कि उनकी सक्रियता न सिर्फ बनी हुई है, बल्कि शायद और बढ़ गई है।

